द्वितीय दिवसीय कार्यक्रम

द्वितीय दिवस का कार्यक्रम दिनांक 13/11/2019 को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय श्री मान असदुल्ला खान (सूबेदार इण्डियन आर्मी) पधारे साथ ही हमारे गणमान्य अतिथि महोदय श्री मुख्त्यार सिंह जी श्री विश्वामित्र अवार्डेड श्री संजय श्रीवास जी (चेयर मैन रैफरी बोई म.प्र) भी हमारे बीच उपस्थित रहे।

विद्यालय की छात्रा प्रज्ञा कांसकार ने अपनी स्वागत वाणी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय एवं सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन –वदंन किया। साथ ही अतिथियों का परिचय करवाया।

मैच की श्रृंखला में पहला मैच बालक श्रेणी में कैम्पियन स्कूल और सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय के बीच खेला गया । यह मैंच सेमी फाइनल के लिए खेला गया जिसमें मोंटफोर्ट विद्यालय विजयी रहा । द्वितीय मैंच सेंट जोसेफ एवं डी. पी. एस को पछाड़ा । इस प्रकार फाइनल मैंच सेंट मोंटफोर्ट एवं सेंट जोसेफ के मध्य खेला गया। जिसे पूर्ण जोश एवं उत्साह के साथ सेंट मोन्टफोर्ट ने जीता । और मोन्ट फोर्ट कप की विजय पताका फहराई ।

बालिका श्रेणी में द्वितीय दिवस सेमी फाइनल के लिए डी. पी.एस सेंट थेरेसा के बीच भिड़त हुई । जिसमें डी. पी.एस विजयी रहा साथ ही सेंट जोसेफ एवं सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल के बीच खेले गए मैच में सेंट जोसेफ ने बाजी मारी ।

इस तरह मोन्टफोर्ट कप के फाइनल के लिए सेंट जोसेफ एवं डी पी. एस के बीच काँटे की टक्कर रही। जिसमें सेंट जोसेफ ने अपनी विजय पताका फहराई।

टूर्नामेंट का उत्तम खिलाड़ी बालक श्रेणी में ऋषिकेष हवेले सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल एवं बालिका श्रेणी में रिमषा उदीन – सेंट जोसेफ कोएड उत्तम खिलाड़ी घोषित की गई।

अंत में विद्याल के हेड ब्वाय रूषान राना एवं हेड गर्ल नेहा शर्मा ने मुख्य अतिथि महोदय एवं सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।